भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण और मृत्यु दर

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में लैंसेट ने वर्ष 2008 और 2019 के बीच भारत के 10 प्रमुख शहरों में **अल्पकालिक वायु प्रदूषण (PM2.5) जोखिम** तथा मृत्यु दर के बीच संबंधों की जाँच करने वाला **प्रथम बहु-शहरीय अध्ययन (First Multi-City Study)** प्रकाशित किया है।

अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं?

- **वायु प्रदूषण के कारण मृत्यु:** अध्ययन से पता चला है कि जाँच किये गए 10 शहरों में **प्रतिवर्ष 33,000 से अधिक मौतें (कुल मृत्यु दर का लगभग 7.2%) वायु प्रदूषण** के कारण होती हैं।
- **उच्चतम मृत्यु दर: दिल्ली** में वायु प्रदूषण सबसे अधिक है, जहाँ वायु प्रदूषण के कारण होने वाली वार्षिक मौतों का 11.5% (12,000 मौतें) है।
- **शिमला में सबसे कम मृत्यु दर:** शिमला वायु प्रदूषण के कारण **सबसे कम मृत्यु दर वाला शहर** बन गया है, जहाँ प्रतिवर्ष केवल **59 मृत्यु (जो कुल मौतों का 3.7% है)** होती हैं।
- **सुरक्षित वायु गुणवत्ता मानकों का लगातार उल्लंघन:** स्थापित वायु गुणवत्ता मानकों का लगातार उल्लंघन हुआ है। विश्लेषण किये गए दिनों में से 99.8% दिनों में PM2.5 सांद्रता लगातार [विश्व स्वास्थ्य संगठन] **(World Health Organization's- WHO)** की सुरक्षित सीमा **(15 µg/m³)** से अधिक रही।
- **प्रदूषण स्तर में वृद्धि के साथ स्वास्थ्य स्थिति पर प्रभाव:** PM2.5 सांद्रता में प्रत्येक 10 µg/m³ की वृद्धि से दस शहरों में मृत्यु दर में **1.42%** की वृद्धि हुई।
    - अन्य शहरों की अपेक्षा कम प्रदूषित शहरों, जैसे कि बेंगलुरु और शिमला, में PM2.5 सांद्रता में वृद्धि के साथ **मृत्यु दर में वृद्धि की अधिक संभावना** देखी गई।



//

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

???????????:

प्रश्न. हमारे देश के शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक के परकिलन करने में साधारणतया नम्निलखिति वायुमंडलीय गैसों में से कनिको वचिार में लयिा जाता है? (2016)

1. कार्बन डाइऑक्साइड
2. कार्बन मोनोक्साइड
3. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
4. सल्फर डाइऑक्साइड
5. मेथैन

नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (b)

?????:

प्रश्न. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू. एच. ओ.) द्वारा हाल ही में जारी किये गए संशोधित वैश्विक वायु गुणवत्ता दिशा-निर्देशों (ए. क्यू. जी.) के मुख्य बिंदुओं का वर्णन कीजिये। विगत 2005 के अद्यतन से ये किस प्रकार भिन्न हैं? इन संशोधित मानकों को प्राप्त करने के लिये भारत के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में किन परिवर्तनों की आवश्यकता है? (2021)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/air-pollution-and-mortality-in-indian-cities